प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- एशिया–प्रशांत क्षेत्र में 12वां क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आज से जयपुर में आयोजन।
- विश्व वन्यजीव दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – प्रदेश में सांस्कृतिक उत्थान के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर सेमीफाईनल में जगह बनाई।

000000

एशिया–प्रशांत क्षेत्र में 12वां क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आज से जयपुर में आयोजन हो रहा है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

000000

गौरतलब है कि इस अंतर्राष्ट्रीय फोरम में 38 सदस्य देश, 15 केंद्रीय मंत्रालय, देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ ही विभिन्न श्रेणी के व्यवसायी और 120 से अधिक विशेषज्ञ वक्ता भाग लेंगे। भारत में यह आयोजन दूसरी बार हो रहा है। इससे पहले 2018 में फोरम का आयोजन इंदौर में रखा गया था। वहीं पिछला संस्करण 2023 में कंबोडिया में हुआ था।

00000

विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड छठॅ॰ की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव संरक्षक और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। प्रधानमंत्री स्वयं इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं। यह बोर्ड वन्यजीवों तथा वनों के संरक्षण और विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। सुबह प्रधानमंत्री गिर नेशनल पार्क में सफारी पर जायेंगे और वन्य जीव गतिविधियों का जायजा लेंगे। इससे पहले कल श्री मोदी ने जामनगर में वंतारा पशु बचाव केंद्र का दौरा किया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर में महादेव की पूजा–अर्चना भी की। प्रधानमंत्री ने देर शाम सोमनाथ ट्रस्ट बैठक की अध्यक्षता की।

00000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, आज से नई दिल्ली में क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू कर रहा है। विदेश मंत्रालय के सहयोग से होने वाले इस आयोजन में ग्लोबल साउथ के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के आला अधिकारी हिस्सा लेंगे। छह दिन के इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानव अधिकारों के विभिन्न आयामों और अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्यों के बारे में जानकारी देना है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थानों की ओर से अनुभव भी साझा किये जाएंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यम कार्यक्रम का उदघाटन करेंगे। ग्लोबल साउथ के 14 देशों के राष्ट्रीय मानव अधिकार संस्थानों के 40 से ज्यादा प्रतिभागी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

00000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले के रामगढ़ गांव में 33 हजार मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट का कल सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने शुभारम्भ किया। केन्द्र की कुसुम योजना के तहत स्थापित इस सोलर प्लांट से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इससे गांवों और ढाणियों तक बिजली पहुंचाने में सुविधा होगी और किसानों को भी सस्ती तथा निरंतर ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। प्लांट से पैदा अतिरिक्त बिजली राज्य सरकार खरीदेगी, जिससे किसानों की आय में इजाफा होगा।

000000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में सांस्कृतिक उत्थान के लिए उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। पाली के देसुरी स्थित गुडा मांगलियान में आयोजित एक धोर्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन से देश की सनातन संस्कृति मजबूत होती है। उन्होंने भारत की संस्कृति को दुनिया की सबसे पुरानी और वैभवशाली धरोहर बताते हुए कहा कि हाल ही में सम्पन्न महाकुंभ के जरिये दुनिया ने भारत की सांस्कृतिक विरासत की शक्ति को देखा और हमारी आध्यात्मिक उन्नति का संदेश पूरी दुनिया में पहुंचा।

000000

मुख्यमंत्री ने केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए किये गये कार्यो के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी सरकार ने सांस्कृतिक उत्थान के लिए प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के लिए बजट में 161 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण धाम के मुख्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया और मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहालीकी कामना की। इस अवसर पर पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद पीपी चौधरी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ साधु–संत तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

000000

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत महिलाओं के सामाजिक आर्थिक और सशक्तिकरण को लेकर आज से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के साथ सम्मान और संवाद कार्यक्रम रखे जायेंगे। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना के जागरूकता रथ को रवाना किया जायेगा।

00000

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने कल रात दुबई में खेले गए अपने अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। भारत ने 9 विकेट पर 249 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने महत्वपूर्ण 79 और हार्दिक पंड्या ने 45 रन की पारी खेली। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 45 ओवर तीन गेंद में 205 रन पर सिमट गई। केन विलियमसन ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। भारत के लिए, वरूण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस जीत के साथ, भारत अपने ग्रुप–स्टेज के सभी तीनों मैच जीतकर ग्रुप–ए में शीर्ष पर पंहुच गया। अब भारत का कल दुबई में पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कुछ स्थानों पर बादल छाये हुए है। मौसम विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में बादल गरजने के साथ हल्की बारिश होने तथा राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार कल से उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

00000